<u>अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में हुआ राष्ट्रीय तरंग-गोष्ठी का आयोजन</u>

आज दिनांक 16 अगस्त, 2021 को आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ की राष्ट्रीय सेवा योजना, युवा रेड क्रॉस व उन्नत भारत अभियान इकाइयों द्वारा '**राष्ट्रीय निर्माण में युवाओं की भूमिका**' जैसे अति संवेदनशील विषय पर राष्ट्रीय तरंग-गोष्ठी का आयोजन किया गया। तरंग-गोष्ठी के मुख्य वक्ता कैप्टन डॉ० संजय कुमार (प्रोफेसर हिंदी विभाग, राम लाल आनंद कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय) जी रहे। मुख्य वक्ता ने अपने वक्तव्य में कहा कि अगर युवाओं की क्षमताओं का सही प्रयोग किया जाए तो देश को विश्व गुरु बनने से कोई नहीं रोक सकता ।उन्होंने युवाओं को प्रेरित करने के लिए कई ओज़ से ओतप्रोत कविताएं सुनाईं और कहा कि युवाओं में वह क्षमता है जो सामाजिक, राजनीतिक व आजादी जैसे परिवर्तन कर सकते हैं और बवंडरों तक का रुख मोड़ सकते हैं ।

वहीं महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० कृष्णकांत जी ने कहा कि युवा किसी भी देश की प्रगति और विकास मे अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह करते हैं क्योंकि युवा देश के अधिकांश हिस्से का गठन करते हैं। युवाओं के प्रयासों के बिना राष्ट्र के स्वर्णिम भविष्य की कामना व कल्पना करना भी अर्थहीन है। प्राचार्य जी ने कहा कि ऐसी तरंग-गोष्ठियां युवाओं में एक नई ऊर्जा का प्रवाह करने का कार्य करती हैं। प्राचार्य जी ने युवाओं को अपने जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए 'I Can, I Will, I Must' का सूत्र अपनाने के लिए प्रेरित किया और कहा कि मानव को ना तो मन को छोटा करना है और ना टूटने देना है।तरंग-गोष्टी के सहसंयोजक डॉ० अशोक कुमार निराला जी ने मुख्य वक्ता कैप्टन डॉ० संजय कुमार व महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० कृष्णकांत जी का स्वागत किया और संयोजक डॉ० जयपाल सिंह जी ने तरंग-गोष्ठी के अंत में मुख्य वक्ता व महाविद्यालय प्राचार्य जी का धन्यवाद किया। इस राष्ट्रीय तरंग-गोष्ठी में देश के अलग-अलग विश्वविद्यालयों व महाविद्यालयों से लगभग 75 प्रतिभागियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस राष्ट्रीय तरंग-गोष्ठी के सफल आयोजन का श्रेय महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० कृष्णकांत जी ने संयोजक डॉ० जयपाल सिंह जी व सहसंयोजक डॉ० अशोक कुमार निराला जी को दिया।